RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 248
हिसार | बुधवार, 6 दिसम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6

## कृपाल आश्रम में रक्तदान शिविर 10 दिसंबर को

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 6 दिसम्बर :** स्थानीय कृपाल आश्रम, (मिर्जापुर रोड) में आगामी 10 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिंदर सिंह जी महाराज फरमाते है कि जब भी हमें मौका मिले, हमें निष्काम सेवा जरूर करनी चाहिए। रक्तदान निष्काम सेवा का एक अनुपम उदाहरण है। कृपाल आश्रम, हिसार के प्रधान डॉक्टर के. एल. गुलाटी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर सुबह 10:00 से लेकर 2:00 तक चलेगा। उन्होंने सभी नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें।




## कांग्रेस हमेशा विभाजन की नीति अपनाती है, अब सोची-समझी साजिश के तहत उत्तर भारत और दक्षिण भारत में दंगा कराना चाहती है : विज

**अनिल विज की प्रतिक्रिया, कांग्रेस के सहयोगी दल डीएमके के सांसद के बयान कि भाजपा गौमूत्र राज्यों में जीती है और दक्षिण भारत में इन्हें घुसने नहीं दिया जाएगा**

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 6 दिसम्बर :** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस हमेशा विभाजन की नीति अपनाती है और अब सोची-समझी साजिश के तहत कांग्रेस उत्तर भारत और दक्षिण भारत में दंगा कराना चाहती है। श्री विज आज पत्रकारों द्वारा कांग्रेस के सहयोगी दल डीएमके के सांसद द्वारा दिए गए बयान कि भाजपा गौमूत्र राज्यों में जीती है और दक्षिण भारत में उन्हें घुसने नहीं दिया जाएगा, के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस विभाजन की नीति करती है, पहले इन्होंने 1947 में हिंदु-मुस्लमानों में विभाजन कराकर कत्लेआम कराया जिसमें दस लाख लोग मारे गए और अनेकों लोगों को बेघर होकर दूसरी जगह जाना पड़ा। फिर इन्होंने 1984 में हिंदु-सिखों के दंगे करवाए जिनमें लगभग साढ़े तीन हजार लोग मारे गए। अब यह उत्तर भारत और दक्षिण भारत का दंगा कराना चाहते है, इसलिए यह इस प्रकार के बयान दे रहे हैं। हमने इनके बयानों में नहीं आना है, जनता सचेत है और जनता मिलजुलकर इकट्ठा व भाईचारे के साथ रहना चाहती है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग में फाइलों के अटकने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वह इसका जल्द फैसला करेंगे और उन्हें उनकी बात पर पूरा यकीन है।



## हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हिसार यूनिट व रेवाडी यूनिट ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पकड़ा 2 क्विंटल 3 किलो 600 ग्राम चुरापोस्त

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 6 दिसम्बर :** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के प्रमुख श्री ओ. पी. सिंह, आई.पी.एस. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में समूचे हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट हिसार व रेवाड़ी यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए पुराना बस अड्डा नजदीक गाव बुढवाल थाना नांगल चौधरी नशा के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही करते हुए लाखो रुपयो का 2 क्विंटल 3 किलो 600 ग्राम चुरापोस्त बरामद करने सफलता हासिल की। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक श्री राज सिंह, एचपीएस, HSNCB हिसार के आदेशानुसार इन्चार्ज यूनिट हिसार निरीक्षक कर्मबीर सिंह ने बतलाया कि PSI बर्लिन हिसार के साथ की एक पुलिस टीम नशा पडताल के सम्बन्ध में पुराना बस अड्डा नजदीक गाव बुढवाल थाना नांगल चौधरी पर मौजूद थी कि गुप्त सुचना मिली कि TATA UTLRA में काफी मात्रा मे नशीला पदार्थ राजस्थान से नांगल चौधरी की तरफ आयेगा। जब गुप्त सूचना के आधार पर पुराना बस अड्डा नजदीक गाव बुढवाल थाना नांगल चौधरी पर नाकाबन्दी करके TATA ULTRA वा गाडी XUV 700 को राजपत्रित अधिकारी की



मौजुदगी मे तलाशी लेने पर 2 क्वींटल 3 किलो 600 ग्राम चुरापोस्त बरामद सहित आरोपियान अशोक कुमार, दाताराम, हरविन्द्र, हरमनदीप, जग्गी को पकडा गया। जिस संबंध में थाना नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ मे मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया जिसको कल हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रेवाडी युनिट द्वारा पेश अदालत करके असल सप्लायर के बारे पता करने के लिये पुलिस रिमांड हासिल किया जावेगा। इसके साथ साथ आम जन से अपील करते हुए बताया कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई देता है तो बेफिक्र होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री नंबर 90508-91508 पर सूचना दे सकते हैं सूचना देने वाले का नाम पता पूर्णता गुप्त रखा जाएगा।

## डिप्टी स्पीकर ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**कहा, शोषित पीडित की मदद करना ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि**

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 6 दिसम्बर :** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि मानवीय जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जो भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों से प्रभावित न हों। वे बुधवार को अपने आवास स्थान पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब के शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो के मूल मंत्र को अपनाकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का



आह्वान किया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि किसी भी शोषित पीडित की मदद करना ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ अंबेडकर ने हर गरीब, कमेरे वर्ग सहित सभी को उसका अधिकार दिलाने का काम किया है। बाबा साहेब समाज में समानता लाना चाहते थे और जात पात को खत्म करने के पक्षधर थे। उन्होंने बताया कि भारत के सामाजिक, आर्थिक नीतियों और कानूनी ढांचों में अगर आज कहीं भी प्रगतिशील बदलाव दिख रहे हैं तो इसके पीछे कहीं न कहीं डॉ अंबेडकर के वो विचार हैं, जो उन्होंने कई दशक पहले दिए थे। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि समाज में व्याप्त छूआछूत, महिलाओं और मजदूरों से भेदभाव जैसी कुरीति के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले बाबा साहेब को भारतीय संविधान का आधार स्तंभ माना जाता है। एक सुदृढ़, सशक्त और उन्नत राष्ट्र के निर्माण तथा सामाजिक उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव अनुकरणीय रहेंगे। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, चेयरमैन ब्लॉक समिति अजय गावड़, जगत सिंह, बीरबल, स्वामी कबीर दास, सरपंच भगवाना राम, सरपंच राजेश पहलवान सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने नवनिर्मित ऑब्जर्वेशन होम का किया निरीक्षण

**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 6 दिसम्बर :** अतिरिक्त उपायुक्त नीरज बुधवार को बीड़ में नवनिर्मित ऑब्जर्वेशन होम (संप्रेक्षण गृह) का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने स्वयं एक-एक कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने अतिरिक्त उपायुक्त को अवगत करवाया कि ऑब्जर्वेशन होम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अन्य कार्य भी जल्द पूर्ण कर लिए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ऑब्जर्वेशन होम में भोजनालय, स्वास्थ्य केंद्र, स्टॉक रजिस्टर, मुलाकाती रजिस्टर, हेल्थ रजिस्टर के अतिरिक्त किशोरों से परिजनों की मुलाकात, बायोमैट्रिक उपस्थिति, सीसीटीवी आदि सभी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से ऑब्जर्वेशन होम के कमरों के रखरखाव, साफ-सफाई, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं व कमरों को बेहतर तरीके से सुसज्जित करने की बात कही।




## पर्यावरण बचाओ अभियान पर चल रही सरेआम आरी

**'हरे पेड़ों का किया जा रहा सरेआम कत्लेआम, प्रशासन, वन विभाग चुप' : ज्योतिप्रकाश कौशिक**



सैक्टर 16-17 के सद्भावना पार्क व तिकोना पार्क में काटे गए हरे पेड़।

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 6 दिसम्बर :** प्रशासन के पर्यावरण बचाने व 'पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ' के नारों पर उस समय बेदर्दी से आरी चल गई जब शहर के सैक्टर 16-17 पार्कों में हरे पेड़ों को आरी से काट दिया गया। पेड़ों की छंगाई के नाम पर जिला प्रशासन व वन विभाग की नाक के नीचे पेड़ों का जिस तरह से सरेआम कत्ले-आम किया जा रहा है वह बेहद गलत है। सैक्टर के सद्भावना पार्क व तिकोना पार्क में पेड़ों को काटा गया है। इसके साथ ही सैक्टर की मुख्य सड़क पर भी बाकायदा क्रेन व ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ छंगाई के नाम पर पेड़ों के बड़े-बड़े तनों को काटा जा रहा है। भगवान परशुराम जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष ज्योतिप्रकाश कौशिक व सदस्य मोहन शर्मा ने इस तरह से पेड़ों का काटे जाने को गलत बताते हुए जिला प्रशासन व वन विभाग से इस संबंध में सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कई-कई वर्षों से खड़े हरे पेड़ों के केवल नीचले तने को छोड़कर पूरे पेड़ को काट दिया गया है। शहर के पार्कों में लोग पौधे लगाकर उसे पाल-पोष कर बड़ा करते हैं और कई वर्षों बाद जब ये पेड़ बनते हैं तो उनको इस तरह से काट दिया जाना पर्यावरण प्रेमियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ के साथ-साथ पर्यावरण के लिए बेहद नुकसानदायक है। एक तरफ तो सरकार व प्रशासन पर्यावरण बचाओ व पेड़ लगाओ के बड़े-बड़े नारे व अभियान चलाती है दूसरी तरफ हरे-भरे पेड़ों को सरेआम इस तरह से काटा जा रहा है और प्रशासन व वन विभाग मौन है। इसके लिए जो लोग भी जिम्मेदार हैं उन पर वन विभाग के एक्ट के अनुसार कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए। ज्योति प्रकाश कौशिक ने कहा कि पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं को आगे आते हुए इसका खुलकर विरोध करना चाहिए।












## सम्पादकीय..........

# महिलाओं पर बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए उठाने होंगे ठोस कदम

देश में महिला सुरक्षा का मुद्दा सभी सरकारों की प्राथमिकता में रहा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि सरकारों के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट में सामने आया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है। स्पष्ट है कि इन अपराधों की रोकथाम के लिए बनाए गए कानून नाकाफी साबित हुए हैं। स्थिति यह है कि 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर पूरे देश में हर घंटे लगभग 51 प्राथमिकी दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश में देश के 50 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए। यानी कहा जा सकता है कि इन पांच राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध की स्थिति अधिक गंभीर बनी हुई है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकारों की तरफ से खूब दावे किए जाते रहे हैं। यहां तक कि पांच राज्यों के हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भी यह विषय प्रमुखता से छाया रहा। लेकिन, चिंताजनक यह है कि तमाम प्रयासों के बावजूद देश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर कोई अंकुश लगता नहीं दिख रहा है। महिला सुरक्षा को लेकर स्थिति इतनी बदतर है कि महिलाएं दिन के उजाले में भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करती हैं, रात में अकेले बाहर जाने के बारे में ज्यादातार महिलाएं सोचती भी नहीं। इस माहौल ने महिलाओं के रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित किया है। असल में तेजी से पुलिस कार्रवाई नहीं होने और शीघ्रता से दोषियों को सजा नहीं मिलने से भी अपराधियों के हौसले बुलंद रहते हैं। महिला उत्पीड़न करने वाले बहुत सारे आरोपियों को मुकदमे की तकनीकी खामियों के कारण छोड़ दिया जाता है या उन्हें सख्त सजा नहीं मिलती। दूसरे मुकदमों की तरह महिलाओं के खिलाफ होने वाले मामले भी बहुत समय तक लंबित रहते हैं। समय रहते उनका निस्तारण नहीं किया जाता, इसलिए महिलाओं को समय पर न्याय भी नहीं मिल पाता। इस वजह से महिलाओं का मनोबल कमजोर होता है और समाजकंटक बेलगाम हो जाते हैं। विभिन्न दल सरकार में आने से पहले महिला सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन सत्तासीन होने के बाद इस मुद्दे को भूल से जाते हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। सरकारों को इस मुद्दे पर गंभीरता से कार्य करना होगा। महिला सुरक्षा प्रत्येक राज्य के लिए प्रमुख एजेंडा होना चाहिए। यह समझना होगा कि सिर्फ कानून बनाने से अपराधों पर अंकुश नहीं लगेगा, बल्कि इनका क्रियान्वयन भी जमीन पर दिखना चाहिए। ऐसा होने पर ही महिलाएं अपने आपको सुरक्षित महसूस करेंगी और बदमाशों में खौफ पैदा होगा।

# सुख और दुख रास्ते की ढलान और चढ़ाई के समान हैं

### अध्यात्म

हमें परमपिता परमेश्वर पर अटूट विश्वास रखना चाहिए। क्योंकि वही सृष्टि के निर्माता और पालनहार हैं। वही मनुष्य को दुख देते हैं और वही उसके दुखों का अंत भी करते हैं। इसमें दो बातें ध्यान में रखने लायक हैं। एक तो यह कि प्रभु जो दुख-सुख देते हैं, उसमें इस जन्म या पूर्व जन्म में किए गए कर्म का फल होता है। यानी बुरे कर्म का बुरा फल, अच्छे कर्म का अच्छा फल। दूसरी बात यह कि कई बार प्रभु अपने भक्त को जिसने कोई बुरा कार्य न किया हो, उसे भी परेशानी में डालते हैं। कई बार प्रभु अपने भक्त की परीक्षा लेने के लिए भी ऐसा करते हैं।

इसका सबसे अच्छा उदाहरण सत्यवादी राजा हरिशचंद्र का है। ऋषि विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा लेने के लिए दान में उनका सारा राजपाट मांग लिया। दान के बाद जब विश्वामित्र उनसे दक्षिणा मांगने लगे, तो उन्होंने अपनी पत्नी, पुत्र और स्वयं को भी बेच दिया। हरिश्चंद्र श्मशान में कर वसूली का काम करने लगे। इसी बीच उनके पुत्र की मृत्यु हो जाती है। पत्नी श्मशान पहुंचती है। पत्नी और पुत्र को पहचानने के बाद भी धर्म का पालन करते हुए हरिश्चंद्र ने पत्नी से कर चुकाने की मांग की। जब कर चुकाने के लिए उनकी पत्नी ने अपना वस्त्र फाड़ना चाहा, तभी सत्यदेव प्रकट हो गए। इस कष्ट से मुक्ति देने के लिए हरिश्चंद्र को सारा साम्राज्य वापस दे दिया जाता है और उनके पुत्र को भी जीवित कर दिया जाता है। यह सब प्रभु ने हरिश्चंद्र की परीक्षा लेने के लिए किया जिसमें वह उत्तीर्ण हो गए।

कबीरदास का दोहा 'दुख में सुमिरन सब करे सुख में करे न कोय, जो सुख में सुमिरन करे दुख काहे को होय' बड़ा सार्थक है। यानी सभी लोग विपदा की घड़ी में ही भगवान को याद करते हैं, लेकिन वह बुरी घड़ी टल जाती है तो फिर भगवान को भूल जाते हैं। कबीरदास जी कहते हैं कि यदि मनुष्य सुख के समय भी भगवान को न भूले, उनका सुमिरन करता रहे तो भला दुख आएगा ही क्यों। इसे सिर्फ भक्त और भगवान तक ही सीमित न रखकर सामान्य दिनचर्या में अपनी जिम्मेदारियों से भी जोड़कर देखा जाना चाहिए। यदि हम अपनी किसी जिम्मेदारी के प्रति लापरवाह नहीं होते हैं तो बाद में पश्चात्ताप करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सुख और दुख एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जिस प्रकार हम किसी सड़क पर लंबा सफर करते हैं तो चढ़ाई आने के बाद ढलान आती है, उसी प्रकार जीवन में सुख के बाद दुख और दुख के बाद सुख का क्रम चलता रहता है। यदि जीवन में कष्ट नहीं होगा तो व्यक्ति को आनंद का अहसास ही नहीं होगा।

जीवन में कोई भी चीज स्थायी नहीं है। कहा भी जाता है कि यदि अच्छा समय नहीं रहा, तो रहना खराब को भी नहीं है। भगवद्गीता के अनुसार मनुष्य का जीवन सतत प्रवाह और उनके किए कार्यों के आधार पर चलता है। अधिकतर समय हमारा मन किसी विशेष दिशा में जाना चाहता है। यदि उस दिशा में जाने में हमें सफलता मिलती है तो हम खुश होते हैं और यदि असफलता मिलती है तो हम कष्ट महसूस करते हैं। सुख-दुख की अनुभूति से परे होकर जब हम कोई राह पकड़ते हैं, तो वह आनंद का होता है। किसी व्यक्ति को उसके जीवन में क्या मिलेगा यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसकी चेतना किस तरह की दिशाओं में जाती है।

## सुण मौल्लड़ की



2050 तक विश्व का तापमान 2 डिग्री तक बढ़ेगा।

इबै बी टैम पड़या सै, सुधर जाओ।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** फिजूल की बहस करने से बचें। मन में दुविधा बनी रहेगी। कानूनी मामलों में सावधानी बरतें। काली माता की पूजा करें।

**वृषभ :** परिवार के साथ खुशी भरे लम्हे व्यतीत करेंगे। नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी। बुद्धि व ज्ञान में बढ़ौतरी होगी।

**मिथुन :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। कोई नया कार्य आरंभ न करें। अनावश्यक विवादों से दूर रहें। दुर्गा माता की पूजा करें।

**कर्क :** व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा। पुराने रोगों से छुटकारा मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे।

**सिंह :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना। कला के क्षेत्र में रूचि बढ़ेगी।

**कन्या :** अत्याधिक भावुक होने से बचें। आत्मविश्लेषण कर सूझ-बूझ से कार्य करें। व्यापारिक मामलों में पक्ष मजबूत होगा।

**तुला :** आंखों व पैरों का ध्यान रखें, चोट लगने की आशंका। लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। अनिद्रा का शिकार हो सकते हैं। गाय माता की सेवा करें।

**वृश्चिक :** प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। प्रेम प्रसंगों के लिए दिन शुभ रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**धनु :** राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। प्रेम प्रसंगों के लिए दिन शुभ रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मकर :** नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। धार्मिक प्रवृति में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण काम समय पर पूरा कर लेंगे।

**कुंभ :** आत्मविश्वास में कमी आएगी। मन में तनाव बना रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**मीन :** मन में उत्साह बना रहेगा। विपरीत लिंग की तरफ आकर्षित होंगे। भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ौतरी होगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# सेवानिवृत्त मंडी बोर्ड हरियाणा के जिला फतेहाबाद के सुपर सीनियर साथी हुए सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** मंडी बोर्ड हरियाणा के सेवानिवृत्त साथियों एक मिलन समारोह होता रहता है, इस सिलसिले में आज जिला फतेहाबाद के मंडी बोर्ड के सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों की एक मीटिंग हुई जिसमें सुपर सीनियर साथियों श्री हनुमान सिंह भादू डी एम ई ओ व श्री रामप्रताप पूनियां एम एस को सम्मानित किया गया। कृष्ण लाल काकड़ से भी आग्रह किया गया कि वह सभी सेवानिवृत्ति साथियों को व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ें। इस अवसर पर श्री सुग्रीव सिंह सचिव अध्यक्ष सेवानिवृत्त साथी जिला फतेहाबाद, राम सिंह गांधी सचिव, मनीराम एम एस, भागीरथ शर्मा एम एस, सोहनलाल फुटेला डी एम इ ओ, सुल्तान सिंह फौजी संगठन सचिव, उमेद सिंह ए आर, भूप सिंह ए आर, भगवान दास एम एस, अपला राम, कृष्ण कुमार धवन, ओम प्रकाश गोदारा फायरमैन, अनंत कुमार ए आर, महेंद्र सिंह ए आर, ओम प्रकाश एमएस राजेंद्र एआर, प्रताप सिंह एम एस, जोगीराम एमएस वीर सिंह, दुनीचंद एमएस, लीलू राम जीप ड्राइवर, भरत सिंह जीप ड्राइवर, इंद्राज एआर, पवन कुमार सेठी जे ई, आत्माराम मांझू डीएमईओ, गुरजंट सिंह एआर, सरदार जरनैल सिंह जाखल, प्रभु दयाल एम एस, पालाराम ए आर, सीताराम ए आर, जयप्रकाश उर्फ जेपी मंडी सुपरवाइजर भट्टू, बलदेव सिंह सहायक सचिव, बनारसी दास सुपरिंटेंडेंट, नेतानंद चौकीदार व विश्व मित्र फायरमैन उपस्थित थे।

# जैविन ने अपना सातवां जन्मदिन भूमि आश्रम में बुजुर्गों संग मनाया




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** सेक्टर 14 निवासी कपिल तनेजा व सोनिया तनेजा के सात वर्षीय पुत्र जैविन ने आज अपना जन्मदिन नई अनाज मंडी स्थित भूमि आश्रम में रह रहे बुजुर्गों संग मनाया। आश्रम के सेवादार मुकेश कुमार ने बताया कि जैविन आज अपने परिवारजनों के साथ आश्रम में पहुंचे और आश्रम में रह रहे बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जैविन के दादा सुशील तनेजा व दादी अनु तनेजा आदि भी उपस्थित रहे। सभी के साथ मिलकर जैविन ने केक काटा और उपस्थित लोगों ने हैप्पी बर्थ डे टू जैविन बोलकर तालियों बजाते हुए उसे दीर्घायु की शुभकामनाएं दीं। परिवार के सदस्यों ने बुजुर्गों का मुंह मीठा करवाया।

# सरकारी स्कूल बना सामूहिक नाटक प्रतियोगिता का विजेता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** नगर के जहाजपुल स्थित 'गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल' के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 'सामूहिक नाटक' कक्षा छठी से आठवीं तक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर अपना परचम फिर से लहराया। यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र के 'केशव सदन गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल' में आयोजित किया गया। प्रस्तुत किए गए नाटक का उद्देश्य 'जल बचाओ' था। जिसमें प्रस्तुति के द्वारा जल के मूल्य को दर्शाया गया। दिनभर चलते इस कार्यक्रम में संगीत, नृत्य, नाटक, अभिनय शामिल थे। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार व सर्टिफिकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य सतेंद्र सिंह ने अपने थिएटर अध्यापक सौरभ गौतम की भूरी-भूरी प्रशंसा की और साथ ही साथ संगीत अध्यापक जितेंद्र बजाज व मैडम सुषमा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने बताया होने वाली सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों को खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है, जो उनके विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि यह गतिविधियां भी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। साथ ही साथ विद्यालय के समस्त अध्यापकों ने बताया कि हमें अपने अध्यापकों पर बहुत गर्व होता है जब उनकी मेहनत रंग लाती है। अंत में प्राचार्य ने अपने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आइस स्केटिंग के स्टेट चैम्पियन का मंगाली में हुआ जोरदार स्वागत

## स्टेट आइस स्केटिंग में छाये एस. आर. इंटरनेशनल स्कूल के स्केटर्स




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** गुरुग्राम के एंबिएंस मॉल में आयोजित सातवीं स्टेट आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप के विजेताओं का बुधवार को हिसार, मंगाली व हरिकोट गांव में जगह-जगह सम्मानित किया गया। मुख्य सम्मान समारोह हरिकोट स्थित एस.आर. इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेश गोयल क्रांतिकारी व आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्योराण मौजूद रहे। यह जानकारी देते हुए हिसार आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रामअवतार वर्मा व एस.आर. इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या सारिका कामरा ने बताया कि स्टेट चैम्पियनशिप में उनके स्कूल के सात खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें अपने-अपने आयु वर्ग में आंचल, हिमांशु व कोमल ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि लिवम छोली ने रजत पदक पर कब्जा किया। इसी प्रकार नेहा, परीक्षित व अंकित ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश में जिले के साथ-साथ स्कूल का भी नाम रोशन किया है। इस दौरान मुख्यअतिथि श्री सुरेश गोयल क्रांतिकारी ने विद्यार्थियों व स्कूल संचालकों के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले विन्टर ओलम्पिक में शामिल आइस स्केटिंग खेल के खिलाड़ियों की वो भरपूर मदद करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यदि हिसार जिले से कोई बच्चा ओलम्पिक तक का सफर तय करता है तो इस मुहिम का आधा खर्च वो उठाने को तैयार हैं। श्री सुरेश गोयल ने कहा कि वर्ष 2024 में होने वाले यूथ गेम्स, वर्ल्ड कप सहित विदेशों में होने वाले आइस स्केटिंग के सभी प्रकार के ईवेंट को लेकर वो हिसार क्षेत्र के खिलाड़ियों की उनकी योग्यता के आधार पर सुविधा, प्रशिक्षण एवं दूसरे प्रकार की मदद करने को तैयार हैं। इससे पहले प्राचार्या श्रीमती कामरा ने बताया कि आइस स्केटिंग खेल विंटर ओलंपिक में खेला जाने वाला खेल है जो कि सिर्फ आइस पर ही खेला जाता है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 107 से अधिक स्टेटस ने हिस्सा लिया था। जिसमें स्कूल के सात बच्चों ने हिस्सा लिया व सातों ही बच्चों ने पदक हासिल किया। श्रीमती सारिका कामरा ने बताया कि एक से चार दिसंबर तक गुरुग्राम के एंबिएंस मॉल में सातवीं राज्य स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था।

### कर्म का मर्म

# विभीषण के चरित्र को गांधीजी ने आखिर क्यों बताया इतना महान

1929 की घटना है। गांधी हर ओर छाए हुए थे। भारत में उनके पीछे चलने को भीड़ उतावली थी। उन्हें अपनी वेशभूषा में, अपनी जुबान में, अपनी तकलीफों को समझने वाला ऐसा नेतृत्व मिल गया था जिसमें संतत्व भी था और जो उनके जीवन को प्रभावित करने वाले हर क्षेत्र में पर्याप्त दखल रखता था। गांधीजी की साहित्यिक समझ अद्वितीय थी। जब मैथिलीशरण गुप्त की रचना 'साकेत' आई तो गांधी ने उसके सभी सर्ग पढ़कर उर्मिला विलाप की आलोचना की, जबकि सब उसकी प्रशंसा कर रहे थे।



गांधी ने इसे वीरता और भक्ति, दोनों के लिए हानिकारक माना। वह ऐसा इसलिए कर पाए क्योंकि रामचरितमानस की प्रत्येक पंक्ति की गांधी की अवधारणा और व्याख्या अद्वितीय थी। गांधी की बुनावट में तुलसीदास कृत रामचरितमानस का बहुत प्रभाव था। एक दिन गांधीजी से कुछ लोग मिलने आश्रम आए हुए थे। गांधीजी रामचरितमानस पढ़कर उठे ही थे कि वैचारिक बातों का सिलसिला छिड़ गया। उनमें से एक सज्जन ने पूछा, 'गांधीजी, आप विभीषण को कैसे देखते हैं? वह तो मानस में देशद्रोही और कुलद्रोही हैं।' गांधी ने उक्त सज्जन को जो उत्तर दिया, वह 'नवजीवन' में वृहद व्याख्या के साथ छपा।

गांधीजी बोले, 'विभीषण ने अपने भाई के साथ सत्याग्रह किया था। विभीषण का दृष्टांत हमें सिखाता है कि अपने देश या अपने शासन के दोषों के प्रति सहानुभूति रखना या उन्हें छिपाना, देशभक्ति के नाम को लजाना है। इसके विपरीत देश के दोषों का विरोध करना सबसे सच्ची देशभक्ति है।' मानस की इतनी शानदार व्याख्या और विभीषण के चरित्र में छिपी महानता को गांधी ही उकेर सकते थे, क्योंकि अपनी बुराई के विरुद्ध लड़ना बहुत बड़े नैतिक बल की मांग करता है। आज जब दुनिया राष्ट्रभक्ति के नाम पर अपने एक से एक बुरे कामों पर पर्दा डालती है, तब विभीषण पर गांधीजी की यह समझ उन्हें और विराट बना देती है।

**DHANWANTARI** Ayurvedic Centre

स्वस्थ भारत अभियान

- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant

शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श

शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है

डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज

बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।

गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।

इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।

अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें

हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।

M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम || Lovely Salon Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)

राम muse-II

Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : अग्रोहा के गांव संदौल व भाना तथा हिसार द्वितीय खंड के गांव बांडाहेड़ी व डोभी में यात्रा पहुंचने पर ग्रामीणों में दिखा उत्साह



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** अग्रोहा के गांव संदौल व भाना तथा हिसार द्वितीय खंड के गांव बांडाहेड़ी व डोभी में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा के दौरान गांव में जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टालें लगाकर कार्यक्रमों में उपस्थित नागरिकों को योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई और उन्हें सेवाओं व योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों में अधिकतर लोगों को मौके पर ही योजनाओं से लाभांवित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव डोभी में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रवीन पोपली ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि जब तक समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का संपूर्ण विकास नहीं हो जाता, तब तक राष्ट्र के पुनर्निर्माण का स्वप्न अधूरा है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन भी किया। इसी प्रकार गांव बांडा हेडी में खेल प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश नैन, संदौल में जिला पार्षद पुरुषोत्तम राणा ने जन संवाद कार्यक्रमों में शिरकत की और स्टालों का अवलोकन भी किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे। कार्यक्रमों में चिकित्सा शिविर लगा कर लोगों की स्वास्थ्य जांच एवं दवा का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों को मोटा अनाज पर विशेष जानकारी उपलब्ध करवाई गई और अधिक से अधिक मोटा अनाज उपजाने तथा प्रयोग में लाने का आह्वान किया गया। साथ ही ड्रोन के माध्यम से खेती की नई तकनीक बारे ग्रामीणों को डेमो भी दिखाया गया। कार्यक्रमों में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के लोक कलाकारों द्वारा सरकार की योजनाओं एवं नीतियों पर तैयार किए गए गीतों के माध्यम से भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसके अलावा विभिन्न खेल क्षेत्रों में बेहतर खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सुरजभान मैहला, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि डॉ राय साहब, जयवीर गिल, आशा खेदड़, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अशोक मैहरा, तहसीलदार राम निवास भादू, एसईपीओ कुलदीप नैन, उमरा मंडल के एससी अध्यक्ष मोहित सोलंकी, आदमपुर महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सीमा गोदारा, बालसमंद महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष संतोष गहलोत, उमरा महिला मोर्चा से मोनिका जांगड़ा, संयोजक राम अवतार शर्मा, जेपी पावा, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्याम सुंदर, अमित पूनिया, रविना, कमल धमीजा, नथू ढेल्लू, सीमाराम स्थार, सरपंच सुरेंद्र कुमार, सतबीर सिंह, सरपंच शीला, सरपंच प्रतिनिधि सरजीत, रीछपाल लांबा, कृष्ण कुमार गोदारा, सुभाष गोदारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यू ऑटो मार्केट स्थित दुकान में हुक्का बार पर एडीजीपी की टीम का छापा

### कोटपा एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज, संचालक सहित 6 को किया गिरफ्तार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** कार्यालय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिसार मंडल में मिली गुप्त सूचना के आधार पर एडीजीपी के निर्देश पर उनकी विशेष टीम ने हिसार की न्यू ऑटो मार्केट स्थित एक दुकान में रेड की। दुकान की बेसमेंट में आम जनता को हुक्का प्रतिबन्ध निकोटीन पदार्थ तंबाकू पिलाया जा रहा था। रेड के दौरान मौका से छः आरोपियों गिरफ्तार किया गया है व एक हुक्का, बिजली का हीटर व फ्लेवर तंबाकू के पैकेट व कोयला बरामद किया गया है। यह अवैध हुक्का बार दुकान के बेसमेंट के चलाया जा रहा था जब पुलिस के रेड की तो पाया की छः युवा फ्लेवर्ड हुक्के का सेवन कर रहे थे व ऊंची आवाज में संगीत सुन रहे थे। पुलिस ने हुक्का बार संचालक सहित काबू किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 269, 270 व 4, 5 COTPA ACT 2003 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## टीएंडपी सैल के इंडस्ट्री इंटरेक्शन क्लब द्वारा वेबिनार आयोजित


**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 6 दिसम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के अंतर्गत इंडस्ट्री इंटरेक्शन क्लब के सौजन्य से 'समृद्ध कॉर्पोरेट कैरियर के निर्माण के लिए व्यावसायिक नेटवर्किंग का महत्व' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों के तकनीकी विकास के लिए इस प्रकार के वेबिनार का आयोजन करने के लिए इंडस्ट्री इंटरेक्शन क्लब को बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने सभी विद्यार्थियों से अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए आयोजित ऐसे सभी कार्यक्रमों का पूरा उपयोग करने की अपील की। प्रसिद्ध कॉर्पोरेट कराधान विशेषज्ञ एवं जोश टॉक स्पीकर, सीए फाइनल में एआईआर 40 स्कोर हासिल करने वाले मनीष कुमार अग्रवाल वेबिनार के मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम में लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता मनीष कुमार अग्रवाल ने स्मार्ट तरीके से लोगों से जुडने व अपने करियर को बढ़ावा देने के लिए लिंक्डइन का उपयोग करने के बारे में व्याख्यान दिया।

## ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से बचाने के दिए टिप्स




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की क्षेत्रीय कार्यालय हिसार द्वारा जिमखाना क्लब में टाउन हॉल मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में विभिन्न शाखों के ग्राहकों ने भाग लिया। मीटिंग में मुख्य रूप से बैंक द्वारा चलाई जा रही योजना और डिजिटल योजनाओं के बारे में विस्तार से बातें हुई। इस मीटिंग के दौरान मुख्य रूप से ग्राहकों को डिजिटल फ्रॉड और उससे होने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया। एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक संतोख सिंह भंगल ने बताया कि बैंक अपनी तरफ से किसी भी ग्राहक से किसी भी तरीके का ओटीपी नहीं पूछता है। इसलिए ग्राहकों को ध्यान में रखना चाहिए कि कोई भी फोन आने पर फोन पर आने वाले ओटीपी को किसी को भी नहीं बताना चाहिए। साथ ही किसी भी मैसेज में आए हुए लिंक को तुरंत क्लिक नहीं करना चाहिए। जब तक आपको लिंक भेजने वाले सोर्स को लेकर पूरी तरह से विश्वास न हो तो लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। ओटीपी बताने और लिंक पर क्लिक करने से किसी भी ग्राहक का खाता खाली हो सकता है। सावधानी बरतने के बावजूद भी अगर किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो साइबर क्राइम रोकने के लिए शुरू किए गए टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करके तुरंत इसकी जानकारी देनी चाहिए। इस मीटिंग में बैंक के मुख्य प्रबंधक सुनील कुमार, राकेश कुमार, समीर कुमार, प्रदीप कुंडू आदि ने भाग लिया।




# मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र करनाल में 12 दिसंबर को करेंगे अपनी मांगों को लेकर ललकार रैली : महासंघ



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** विद्युत सदन हिसार में हरियाणा कर्मचारी महासंघ की एक मीटिंग हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने की उन्होंने ने बताया कि सरकार लंबे समय से कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है, जिसे अब किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। 12 दिसंबर को करनाल में ललकार रैली की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए तथा पुरानी पेंशन लागू की जाए, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए, सभी विभागों में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रद्द की जाए, बिजली कर्मचारियों को हजार फ्री यूनिट दी जाए, सभी विभागों में जोखिम भत्ता दिया जाए, एक्स ग्रेशिया पॉलिसी तथा सभी बीमारियों में कैशलैस मेडिकल को लागू कर कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसलिए सरकार समय रहते कर्मचारियों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें ताकि उन्हें आंदोलन न करना पड़े। खटना ने सभी विभागों के कर्मचारियों से अपील की कि वह करनाल रैली में पहुंचकर सरकार को जगाने का काम करें। जिला सचिव देसराज वर्मा ने कहा कि सरकार समय रहते कर्मचारियों की मांगों को पूरा कर दे नहीं तो सरकार बदलने का काम करेंगे। इस अवसर पर वित्त सचिव राजेश ठाकरान, वरिष्ठ उपप्रधान कृष्ण, गुड़गांव सर्कल सचिव दलबीर मोर, विद्युत सदन सर्कल सचिव सुभाष, किशनलाल नेहरा, सुरेश सरसाना, प्रदीप लोरा, दिनेश शर्मा, अरुण, महेन्द्र, सुनील, नरेन्द्र सैनी आदि पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# उत्साह को बढ़ाते हुए इसे हर प्लेलिस्ट का अभिन्न हिस्सा बना देंगी



पाठकपक्ष न्यूज

**करनाल, 6 दिसम्बर :** ‘नाउ’ बाय जिंद यूनिवर्स केवल एक गीत ही नहीं, बल्कि यह एक हृदयस्पर्शी भावना है। यह प्रेरणा का संदेश देता है, और श्रोताओं से स्वयं पर पूरे भरोसे के साथ वर्तमान क्षण को अपनाने का आह्वान करता है। इस गीत की शक्तिशाली बीट्स और आकर्षक धुन आपके जोश और उत्साह को बढ़ाते हुए इसे हर प्लेलिस्ट का अभिन्न हिस्सा बना देंगी। ‘नाउ’ बाय जिंद यूनिवर्स एक ऐसा ट्रैक है, जो भावनाएं जगा देगा और आत्मविश्वास, भरोसे, केयर-फ्री और दृढ़ निश्चय का गान बनकर पूरे विश्व के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देगा। इसमें शानदार बीट्स और आकर्षक विज़्युअल्स का बेहतरीन मिश्रण है, जिस पर सारे श्रोता खुद-ब-खुद झूमने लगेंगे। इस मोहक ट्रैक के साथ एक प्रभावशाली म्यूज़िक वीडियो भी है, जो प्रोत्साहन और आत्मविश्वास का शक्तिशाली संदेश देता है। इसके विज़्युल्स संगीत के सार के साथ एक दिलचस्प अनुभव उत्पन्न करते हैं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर उन्हें इसकी हर तान के साथ झूमने के लिए तैयार कर देते हैं। अपने पंजाबी स्वैग और विवेकशील चयन के साथ जिंद का ‘नाउ’ सांस्कृतिक प्रतीक बन जाएगा, और हर प्लेलिस्ट में अपनी स्थायी जगह बना लेगा। इस रिलीज़ के बारे में जिंद ने कहा, ‘‘मुझे संगीत की शक्ति पसंद है क्योंकि यह एक ही गीत में आपको बहुत सारी भावनाओं का अहसास कराती है। ‘नाउ’ के माध्यम से मैंने भी यही करने का प्रयास किया है। ‘नाउ’ एक ऐसा अनुभव है, जो श्रोता को भरोसे और आत्मविश्वास से भर देगा। इससे श्रोताओं में जोश और उत्साह भर जाएगा और वो इसकी शानदार बीट्स पर झूमने लगेंगे।’




# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए विशेषज्ञों ने ‘वैश्विक खाद्य-पोषण सुरक्षा, स्थिरता और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर प्रस्तुत किए शोध पत्र






पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में ‘वैश्विक खाद्य-पोषण सुरक्षा, स्थिरता और स्वास्थ्य के लिए रणनीति’ विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश के शोध संस्थानों से आए प्रख्यात वैज्ञानिकों ने वैश्विक पोषण सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए बाजरा श्रीअन्न, कृषि-व्यवसाय के लिए कृषि-उद्यमिता और उद्योग संबंध, जलवायु परिवर्तन, संरक्षित कृषि, टिकाऊ कृषि के लिए संसाधन प्रबंधन और एकीकृत खेती, फसल उत्पादन में जैविक और अजैविक तनाव प्रबंधन की विधियां, प्राकृतिक व जैविक खेती, कृषि उत्पादन बढ़ाने में सूक्ष्म जीवों का योगदान सहित अनेक विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। पहले सत्र का मुख्य विषय जलवायु परिवर्तन, संरक्षित कृषि, संसाधन प्रबंधन एवं एकीकृत कृषि प्रबंधन रहा, जिसमें जर्मनी से डॉ. डिटर एच. त्रुट्ज ओस्नाब्रुक चेयरपर्सन रहे। उन्होंने वैश्विक जलवायु परिवर्तन विषय पर शोध पत्र भी प्रस्तुत किया। साथ ही को-चेयरपर्सन ब्राजील से डॉ. फ्रांसिस्को फग्गिओं ने ब्राजील में जोत प्रणाली प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में मॉडलिंग, साइमुलेशन तथा बिग डाटा प्रबंधन विषय पर चेयरमैन मैक्सिको से डॉ. मैक्सवेल मकोंडीवा ने कृषि खाद्य प्रणाली में टिकाऊपन के लिए डाटा प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। सह-चेयरमैन जापान से डॉ. टाकुरो शिनानो ने जापान की कृषि पर न्यूक्लियर हादसे के प्रभाव पर मुख्य शोध प्रस्तुत किया। तीसरे सत्र में किसानों तक आधुनिक तकनीकों को पहुंचाना विषय के अंतर्गत चेयरपर्सन फ्रांस के आईपीसीसी नोबेल पुरस्कार के सह-विजेता प्रोफेसर आर्थर सी. रिडेकर ने अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर टिकाऊ फसल उत्पादन व समग्र विकास विषय पर व्याख्यान दिया, जबकि सह-चेयरमैन उदयपुर से आए मत्सस्य विशेषज्ञ डॉ. बी.के. शर्मा रहे। डायरेक्टर अटारी डॉ. परविंदर श्योराण ने धान की पराली प्रबंधन व डॉ. रामसिंह ने मेघालय राज्य के घरेलू स्तर पर खाद्य पदार्थों के सेवन के पैटर्न के बारे में चर्चा की।

चौथे सत्र में अमेरिका की टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी के संकाय फेलो प्रोफेसर सर्जिओ सी. कापारेडा चेयरमैन की भूमिका निभाते हुए मशीनीकरण आधारित कृषि पद्धति विषय पर रणनीतियां बताई, जिसमें डॉ. मुकेश जैन ने सह-चेयरमैन की भूमिका निभाई। डॉ. सुरेंद्र ने मैटाबोलिक इंजीनियरिंग विषय पर व डॉ. गुरूदेव चंद ने हाईड्रोपोनिक फार्मिंग विषय पर अपने व्याख्यान दिए। पांचवें सत्र में फसल उत्पादन में जैविक व अजैविक तनाव प्रबंधन विषय के अंतर्गत पौलेंड से डॉ. टकाओ इशिकावा ने एंजाइमेटिक डाइवर्सिटी विषय पर मुख्य शोध प्रस्तुत किया व चैयरमैन की भूमिका अदा की, जबकि कजाखस्तान से डॉ. विक्टर कामकिन ने सह-चेयरमैन की भूमिका निभाई। छठे सत्र का विषय ‘कृषि अर्थव्यवस्था के लिए कृषि की दृष्टि से महत्वपूर्ण जीव, जलकृषि और पशुधन’ रहा, जिसकी अध्यक्षता मिस्त्र के डॉ. होसम रूशदी ने की व जलवायु परिवर्तन और पशुधन उत्पादनः प्रभाव और अनुकूलन रणनितियां’ विषय पर व्याख्यान दिया। सातवें सत्र में फ्रांस से डॉ. बोचाइब खदरी ने ‘खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए उद्योग संपर्क और कृषि व्यवसाय’ विषय पर व्याख्यान दिया, साथ ही सत्र की अध्यक्षता की। कजाखस्तान से डॉ. विक्टर कामकिन ने ‘औषधीय फसल को कोविड-19 के खिलाफ दवाओं के स्त्रोत के रूप में उपयोग’ विषय पर मुख्य शोध प्रस्तुत किया। आठवें सत्र में आइसीएआर, नई दिल्ली से आए डॉ. सेन दास ने ‘वैश्विक पोषण सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए श्रीअन्न’ विषय पर अध्यक्षता कर अपना व्याख्यान दिया। नौवें सत्र में डेनमार्क से डॉ. अहमद जहूर ने फसल सुधार के लिए पारंपरिक प्रजनन, जैव प्रौद्योगिकी, जैव सूचना विज्ञान, अनुवांशिक इंजीनियरिंग, जिनोमिक्स, जीनोमिक्स और प्रोटिओमिक्स’ विषय पर अध्यक्षता करते हुए अपना व्याख्यान दिया। दसवें सत्र में जापान से प्रोफेसर यो तोमा ने ‘स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक और जैविक खेती’ विषय पर अपने व्याख्यान दिया।

# गौशाला में श्रीमद्भागवत कथा एक बार सुनने का फल सौ गुणा के बराबर : संत गोपीराम

## श्री श्याम गौशाला मिंगनीखेड़ा श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन





पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** श्री श्याम गौशाला मिंगनी खेडा में श्री मद्भावगत कथा के आज तीसरे दिन संत श्री गोपी राम ने भागवत कथा के दौरान अपने उद्बोधन में बताया कि गौशाला में श्रीमद्भागवत कथा सुनने का अनन्य गुणा फल मिलता है। गौशाला में एक कथा सुनने से सौ कथा के बराबर फल मिलता है क्योंकि गाय में सभी तीर्थ विराजमान होते हैं। इसलिए अगर गऊशाला में कथा हो रही है तो सभी को वहां जरूर पहुंचकर उसका श्रवण करना चाहिए।

कथा को आगे बढ़ाते हुए संत गोपीराम ने बताया कि नारदजीने सम्पूर्ण पृथिवीमें भ्रमण किया और फिर धर्मप्रधान भारतवर्ष में, भरतखण्ड में आये। यहाँ उन्होंने भिन्न-भिन्न तीर्थों की यात्रा की, लेकिन उन्हें कहीं भी शान्ति, सुख तथा धर्मपरायणता के दर्शन नहीं हुए। अत्यन्त व्याकुल होकर जब वे वृन्दावन में यमुनाजी के तट पर आये तब वहाँ उनको अलौकिक अनुभूति हुई। जो वस्तु आँखों से नहीं दिखती, वह उन्हें वृन्दावन में देखने को मिली। नारदजी जब वृन्दावन में आये तो वहां उनके सामने अमूर्त भी मूर्त हो गया, भाव भी साकार हो गया। उन्होंने देखा कि वहां भक्ति तो सुन्दर, भगवन्मयी युवति हैं; किन्तु उसके पुत्र ज्ञान और वैराग्य वृद्ध हैं अर्थात् वृन्दावन में भक्ति का तो बहुत आदर है, परन्तु ज्ञान-वैराग्य का आदर नहीं है। लोगों ने ज्ञान-वैराग्य से रहित भक्ति को स्वीकार किया है।

संत गोपीराम ने बताया कि नारद जी ने सोचा कि ज्ञान और वैराग्य के बिना तो भक्ति पूर्ण होती नहीं। यदि भक्ति में ज्ञान और वैराग्य नहीं है तो भक्ति किसकी? जिस भगवान की भक्ति की जाती है उनका ही दर्शन नहीं हो रहा है, ज्ञान नहीं हो रहा है और जिस प्रपंच से, संसार से मन को हटाकर भगवान की भक्ति की जाती है, उसके प्रति वैराग्य नहीं है। यदि भगवान से प्रेम हो तो संसार से अर्थात् ममता से, मोह से और उन समस्त सम्बन्धों से, जिनमें हम फंसे हुए हैं, हमें वैराग्य होना चाहिए। इसलिए भक्ति के साथ-साथ ज्ञान और वैराग्य का होना भी अनिवार्य है।

आज की श्रीमद्भावत पूजा पतराम गुप्ता, विमल गुप्ता, कुणाल सेठी, जयदीप सेठी, वलेरिया सेठी ने की। कथा में सज्जन गर्ग, पतराम गुप्ता, होशियार सिंह कड़वासरा, ओमप्रकाश मीचू, सुधीर दास, कुणाल सेठी, पवन जिंदल, बजरंग जिंदल, विमल गुप्ता, मंजू गर्ग, वलेरिया सेठी, डॉ. राज पराशर, डॉ. ललिता राजवंशी, शकुंतला, बीरभान बंसल, किरोड़ीमल गोयल, जगदीश बंसल, डॉ. राजीव राजवंशी, डॉ. अजय गुप्ता, विमला चौधरी, संगीता गुप्ता, मिंगनीखेड़ा व आसपास के गांवों से बहुत संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# हकृवि में मनाया गया विश्व मृदा दिवस

## यदि मिट्टी का प्रबंधन नहीं किया जाता है, तो उसकी उर्वरता धीरे-धीरे नष्ट हो जाती है




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविधालय में गत दिवस विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सहित किसानों व कृषक महिलाओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर मृदा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि मिट्टी और जल जीवन का स्त्रोत है क्योंकि मिट्टी हमारे द्वारा खाए जाने वाले प्रत्येक भोजन, चाहे वह शाकाहारी हो या मांसाहारी, प्रत्येक कोर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मिट्टी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा वास्तव में मिट्टी जीवों, खनिजों और कार्बनिक घटकों से बनी एक दुनिया है, जो मनुष्यों और जानवरों के लिए भोजन प्रदान करती है। हमारी तरह, मिट्टी को भी स्वस्थ रहने के लिए उचित मात्रा में पोषक तत्वों की संतुलित और विविध आपूर्ति की आवश्यकता होती है क्योंकि प्रत्येक फसल के साथ मिट्टी पोषक तत्वों को खो देती है। यदि मिट्टी का प्रबंधन नहीं किया जाता है, तो उसकी उर्वरता धीरे-धीरे नष्ट हो जाती है और इस मिट्टी में उगने वाले पौधों/फसलों में पोषक तत्वों की कमी होगी। उन्होंने कहा दुनिया की तैंतीस प्रतिशत मिट्टी ख़राब हो चुकी है। यह दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा और स्थिरता के लिए एक गंभीर समस्या के रूप में पहचानी गई है। कार्यक्रम में डॉ. राजपाल यादव, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. राम प्रकाश ने मृदा से जुड़े विषयों पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर डॉ. दिनेश तोमर, डॉ. देव राज, डॉ. कृष्ण कुमार भारद्वाज, डॉ. रोहतास कुमार, डॉ. रामश्वेर सिंह, डॉ. सुशील, डॉ. सोनिया, डॉ. दीपिका, डॉ. उषा, डॉ. हरदीप, डॉ. पंकज, डॉ. सुशील, डॉ. विकास, डॉ. अंकुश, डॉ. सीमा व डॉ. रूही मौजूद रही।




# दिव्यांग बच्चे होते हैं सबसे अधिक संवेदनशील : डॉ. ढींडसा





पाठकपक्ष न्यूज

**सिरसा, 6 दिसम्बर :** जेसीडी विद्यापीठ, सिरसा में स्थित जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय के रिहैबिलिटेशन सेंटर के सौजन्य से विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा थे और विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी के सेक्रेटरी लाल बहादुर बेनीवाल तथा अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर जय प्रकाश द्वारा की गई। इस अवसर पर रेड क्रॉस से असिस्टेंट सेक्रेटरी गुरमीत सैनी, मदनलाल बेनीवाल, राजपवन, अनुराधा ठाकुर सहित सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

प्राचार्य डा. जयप्रकाश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1981 को ‘विकलांगजनों के लिये अंतर्राष्ट्रीय वर्ष’ घोषित किया था। उसके बाद 1983-92 के दशक को ‘विकलांगजनों के लिये अंतर्राष्ट्रीय दशक’ घोषित किया गया। इस दिवस को मनाने का सबसे महत्त्वपूर्ण उद्देश्य अशक्त जनों की अक्षमता के मुद्दों को लेकर समाज में लोगों की जागरूकता, समझ और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। विकलांग जनों के आत्म-सम्मान,कल्याण और आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी सहायता करना। आधुनिक समाज में अशक्त जनों के साथ हो रहे हर प्रकार के भेद-भाव को समाप्त करना। डॉक्टर जय प्रकाश ने कहा कि कोई भी दिव्यांग कमजोर नहीं होता अगर भगवान ने कोई कमी दी है तो उनके लिए कोई दूसरा रास्ता भी जरूर दिया होगा।

मुख्य अतिथि डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकलांगता के शिकार बच्चे सबसे अधिक संवेदनशील समूह के होते हैं और उन्हें विशेष देखभाल की जरूरत होती है विकलांग बच्चों की देखभाल, सुरक्षा के अधिकार को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। गरिमा तथा समानता के लिए विकास के अधिकार को सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि एक सक्षम वातावरण का निर्माण किया जाएं जहां विक्लांग बच्चे अपने अधिकार की पूर्ति कर सकें और विभिन्न कानूनों के अनुरूप समान अवसरों का लाभ उठाकर पूर्ण भागीदारी प्रदर्शित कर सकें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग का मदलब जिसको भगवान ने दिव्य अंग दिया हो। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग का दिव्यांग के लिए संदेश है कि उन्हें उस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिसमें वे अच्छे हैं। उन्हें इनका सर्वोत्तम उपयोग करना चाहिए और ईश्वर का धन्यवाद करना चाहिए। उन्हें ऐसी कोई भी चीज़ हासिल करने से बचना चाहिए जो उनके लिए असंभव हो।

डॉक्टर ढींडसा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व की 15.3 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की अशक्तता से पीड़ित है। इस प्रकार यह विश्व का सबसे बड़ा ‘अदृश्य अल्पसंख्यक समूह’ है। विश्व में निर्धन लोगों की श्रेणी में गिने जाने वाले कुल लोगों में से लगभग 20त्न विकलांगता से पीड़ित हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहने वाले अशक्त जनों में से मात्र 5-15 प्रतिशत लोगों की ही सहायक उपकरणों और तकनीकों तक पहुंच है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या का मात्र 2.21 प्रतिशत ही विकलांगता से पीड़ित है। भारत में अशक्त जनों की इस कम संख्या का कारण भारतीय समाज में विकलांगता को छिपाने की प्रवृत्ति को माना जा सकता है। इसलिये, विकलांगजनों की वास्तविक स्थिति के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिये इस उत्सव को मनाना बहुत आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगण को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रेड क्रॉस की तरफ से दिव्यांग बच्चों के लिए दो व्हीलचेयर और बैसाखी भेंट की गई।

# सर्वेश हेल्थ सिटी ने दी श्री राम यूनिवर्सल स्कूल में बच्चों के लिए किया हेल्थ एजुकेशन एवं हेल्थ टोक का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** सर्वेश हेल्थ सिटी के सुप्रसिद्ध डॉ मनु सिद्धार्थ ने चंडीगढ़ बरवाला रोड पर स्थित दी श्री राम यूनिवर्सल स्कूल में बच्चों को कॉमन कोल्ड एवं न्यूट्रिशन विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के तेज विकास के लिए जरूरी है अच्छा पोषण युवावस्था और बुढ़ापे के स्वास्थ्य का निर्धारण करता है। यही कारण है कि बच्चों को उस तरह के आहार देने पर जोर दिया जाता है, जिससे उनके शरीर के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्वों की आसानी से प्राप्ति हो सके। बच्चों को विकास के दौरान प्रोटीन, कैल्शियम, स्वस्थ वसा, आयरन, विटामिन डी, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। ये सभी पोषक तत्व शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ शरीर की लंबाई को बढ़ाने में भी मदद करते हैं। बच्चों के विकास के दौरान पोषक तत्वों की कमी के कारण उनके मानसिक और शारीरिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यही कारण है कि उन्हें अनाज, फल, सब्जियां, डेयरी और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ अधिक से अधिक मात्रा में दिए जाने चाहिए। दी श्री राम यूनिवर्सल स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती गीता ठकराल ने सर्वेश हेल्थ सिटी के इस सराहनीय आयोजन के लिए धन्यवाद कहा एवं इस तरह के आयोजन आगे भी करने के लिए आग्रह किया।

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 8 दिसम्बर को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। 'पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 8 दिसम्बर को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। एक लाख से तीन लाख तक की राशि के मामलों की सुनवाई हिसार जोन स्तर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष के रूप में श्री रजनीश गर्ग करेंगे। जिसमें मुख्यतः गलत बिलिंग (1 लाख से 3 लाख तक की राशि), वोल्टेज सम्बन्धित, बिजली आपूर्ति में बाधाएं, खराब मीटर को बदलने में देरी इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान कमेटी द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126,127 तथा धारा 135 से 140,142,143,146,152 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनाधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुर्माना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी। कोई भी बिजली उपभोक्ता अपनी शिकायत के लिए मुख्य अभियंता के कार्यालय में 01662-223302 पर संपर्क कर सकता है या ईमेल zonalcgrfhisar@dhbvn.org.in के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# कुरुक्षेत्र में आयोजित श्रीरामभक्त सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने नरसिंह प्रह्लाद रामलीला सभा को सम्मानित किया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** कुरुक्षेत्र में सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित श्रीराम भक्त सम्मान समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश भर में विजयदशमी महोत्सव के उपलक्ष्य में रामलीला मंचन करने वाली रामलीला सभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक हिसार को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री से यह सम्मान रामलीला सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़, महासचिव ओमप्रकाश असीजा, कोषाध्यक्ष भीमसैन नारंग, सदस्य रविन्द्र टुटेजा व शुभम वलेचा ने ग्रहण किया। प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा को रामलीला मंचन के माध्यम से श्रीराम के जीवन को सजीव ढंग से प्रस्तुत कर उनके आदर्शों व सिद्धांतों से जन-जन को प्रेरित करने के लिये प्रदान किया जाता है।



श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक के सदस्य प्रशस्ति पत्र के साथ।

# आदमपुर पॉलीटेक्निक एनएसएस यूनिट के स्वयंसेवकों ने टैलेंट हंट में दिखाया हुनर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 6 दिसम्बर :** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक की एनएसएस यूनिट के द्वारा एनएसएस ऑफिसर डॉ. राकेश शर्मा के निर्देशन में टैलेंट हंट का आयोजन किया गया, जिसमें एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अपनी प्रतिभाओं का जलवा बिखेरा। रंगोली प्रतियोगिता में निशा व जावित्री, शीतल व पूनम, सौरभ व राजेश, निखिल व जीतेश ने अपनी प्रतिभा दिखाई वहीं डांस प्रतियोगिता में कौशल्या व पूनम, कल्पना व निशु, रेनू व नीतू, अनु व मोनिका, राजेश, निशा और मुस्कान ने अपने डांस से सबका मन मोह लिया। रविंद्र, धीरज, दिव्या व निशा ने अपने भाषण से सम सामयिक विषयों पर प्रकाश डाला। केशव व नवीन ने फोटोग्राफी से अपना हुनर दिखाया। कार्यक्रम सह संयोजक दिनेश यादव छात्रों की शानदार प्रस्तुतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्राचार्य डा कुलवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि टैलेंट हंट के माध्यम से छात्रों को अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच पर लाने का मौका मिलता है, जिससे उसके व्यक्तित्व में निखार आता है। निशा ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में बहुत सी ग्रुप एक्टिविटी भी आयोजित की गई।

# एससी समाज के ग्रुप ए और बी के अधिकारियों को प्रमोशन में आरक्षण की सरकारी घोषणा कागजी : रजत कल्सन

## कहा-दो सप्ताह के अंदर अगर घोषणा को अमली जामा नहीं पहनाया तो पूरे हरियाणा का एससी समाज मुख्यमंत्री आवास के आगे करेगा रोष प्रदर्शन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार/हांसी, 6 दिसम्बर :** हरियाणा सरकार ने अगस्त 2023 में अनुसूचित जाति समाज के ग्रुप ए व बी के अधिकारियों को प्रमोशन में 20 फीसदी आरक्षण देने की घोषणा की थी इसके बाद हरियाणा सरकार ने इस बारे में एक नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया था, परंतु हरियाणा सरकार की यह घोषणा केवल कागजी बन कर रह गई है।

इस बारे में सरकार की नियत व कार्य प्रणाली पर रोष व्यक्त करते हुए नेशनल एलायंस फ़ॉर दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक रजत कल्सन ने कहा की सरकार की कार्यपाली से साफ नजर आ रहा है कि सरकार ने यह घोषणा राजनीतिक फायदे के लिए की है, अगर सरकार वास्तव में अनुसूचित जाति के अधिकारियों और प्रमोशन में आरक्षण देना चाहती तो इस फैसले को तुरंत प्रभाव से लागू करती परंतु सरकार ने यह घोषणा कर इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया है तथा संबंधित विभागों, बोर्ड व निगमो, निकायों से आज तक एससी समाज के ग्रुप ए व बी के अधिकारियों का डाटा तक नहीं मांगा गया है।



कलसन ने कहा कि सीएम खट्टर ने राजनीतिक दिखावे के लिए पंचकूला में आयोजित एक कार्यक्रम में एक अनुसूचित जाति समाज के शिक्षा विभाग के अधिकारी को डिप्टी डायरेक्टर पर प्रमोट कर अपनी घोषणा की इति श्री कर दी उसके बाद आज तक इस मामले में सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है।

कलसन ने कहा की दूसरी तरफ हरियाणा में एससी समाज के साथ भाईचारे का ढोंग करने वाली जाति विशेष के लोग भी इस मामले में एससी समाज के अधिकारियों को दिए गए प्रमोशन में आरक्षण को रोकने के लिए एडी- चोटी तक का जोर लगाए हुए हैं तथा ये लोग पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में मनगढ़ंत व बुनियाद याचिकाएं दायर कर रहे हैं दूसरी तरफ इस समाज के नेता राजनीतिक मंदसौर पर अनुसूचित जाति समाज के साथ भाईचारे का झूठा दिखावा करते हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में अनुसूचित जाति समाज के निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को डीएसपी रैंक पर प्रमोट करने की प्रक्रिया चल रही है तथा इस मामले में जाति विशेष के अधिकारियों ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी जिस पर माननीय पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने कोई रोक नहीं लगाई थी इसके बावजूद केवल याचिका दायर करने के आधार पर ही पुलिस विभाग ने अनुसूचित जाति के अधिकारियों को डीएसपी प्रमोट होने की प्रक्रिया रोक दी इससे साफ पता चलता है कि हरियाणा में पुलिस विभाग में अनुसूचित जाति के अधिकारियों के साथ कितना भेदभाव व शोषण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा की प्रमोशन में रिजर्वेशन को लेकर जरनैल सिंह और अन्य बनाम लक्ष्मी नारायण गुप्ता और अन्य केस में 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट का एक महत्वपूर्ण फ़ैसला आया है जिससे ग्रुप ए व बी के अधिकारियों की प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया था। हरियाणा में इस समय ग्रुप ए और बी में एससी के लिए 4285 पद स्वीकृत हैं। ग्रुप ए स्वीकृत 975 पदों के मुकाबले के 618 और ग्रुप बी के स्वीकृत 3310 पदों के मुकाबले 841 कर्मचारी तैनात हैं। 20 प्रतिशत आरक्षण लागू होने से ग्रुप के 1770 और बी ग्रुप के 11972 पद हो जाएंगे। पहले के मुकाबले 9457 नए पदों पर कर्मचारियों को आरक्षण मिलेगा।

कलसन ने कहा की सरकार एक तरफ एससी समाज के लोगों को खुश करने के लिए प्रमोशन में आरक्षण की घोषणा तो कर दी लेकिन उसे लागू नहीं कर रही है दूसरी तरफ भाईचारे का दिखावा करने वाले भी इस मामले में अदालत में याचिकाएं दायर कर अवरोध पैदा कर रहे हैं।

कलसन ने कहा कि इस मामले में अगर सरकार ने तुरंत सभी विभागों, यूनिवर्सिटीज, बोर्ड, कॉरपोरेशन व निकायों में प्रमोशन की प्रक्रिया शुरूकर दो सप्ताह के अंदर इस घोषणा को अमली जामा नहीं बनाया तो पूरे हरियाणा का एससी समाज इसके बारे में मुख्यमंत्री आवास के आगे रोष प्रदर्शन करेगा।

# आकाश सेठी बने किरयाणा एसोसिएशन आदमपुर के अध्यक्ष



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** आदमपुर के किरयाणा दुकानदारों ने किरयाणा एसोसिएशन का गठन करते हुए आकाश सेठी को अध्यक्ष बनाया है। आकाश सेठी की अध्यक्षता में गठित एसोसिएशन में श्रवण कुमार को उपाध्यक्ष, एडवोकेट राघव ग्रोवर कानूनी सलाहकार, मोहन शेरड़ा वाले सचिव, राकेश कुमार कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। एडवोकेट राघव ग्रोवर ने बताया कि एसोसिएशन में सभी किरयाणा व्यापारी शामिल हैं। दुकानदारों ने मिलकर इस एसोसिएशन का गठन किया है जिसका उददेश्य किरयाणा दुकानदारों द्वारा अपने ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और अच्छा खाद्य पदार्थ बेचना तथा किरयाणा दुकानदारों के समक्ष आने वाली समस्याओं पर मंथन कर समाधान करना होगा। कई बार किरयाणा दुकानदारों को अपने व्यवसाय के दौरान कई दिक्कतों से जूझना पड़ता है। एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मिलजुलकर इन दिक्कतों से निजात पाने का प्रयास करेंगे ताकि दुकानदारों और उनके ग्राहकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# जनता को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा : कृष्ण बिश्नोई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** राजस्थान, मध्य प्रदेश व छतीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक जीत से यह साबित हो गया है कि देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है। जनता ने मोदी पर विश्वास जताते हुए कांग्रेस व अन्य दलों का सफाया करने का काम कर दिखाया है। यह बात आज भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई ने एक बयान जारी कर कही। बयान में उन्होंने कहा कि इन चुनावों से साबित हो गया है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 से अधिक सीटों पर विजय हासिल कर जीत की हैट्रिक लगाने का काम करेगी। कृष्ण बिश्नोई ने कहा कि आज जनता को केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर ही विश्वास है। यह विश्वास प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों से मिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भी भाजपा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का काम करेगी।

# 'बैटल ऑफ़ माइंडस : कारगिल विजय के उपलक्ष्य में सेना की प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल हिसारके विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 दिसम्बर :** कारगिल युद्ध में भारत की जीत की 25वीं वर्षगांठ का जश्न मनाते हुए भारतीय सेना का ऐतिहासिक कार्यक्रम 'बैटल ऑफ़ माइंडस' इंडियन आर्मी क्विज 2023 माणिक शाह सेंटर दिल्ली में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 32,441 से अधिक विद्यालयों के प्रतिभागी शामिल हुए, जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार के यथार्थ बिरमान, कोमल पुनिया, आर्यन चहल एवं शफा फातिमा ने चौथा स्थान हासिल कर उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की है एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 6 कठिन राउंड (2ऑनलाइन व 4 ऑफलाइन) में आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर उपस्थित थे। उन्होंने भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे के साथ विजेता प्रतिभागियों कोटैब देकर सम्मानित किया एवं विद्यालय को 2 लाख 90 हजार के नकद पुरस्कार व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर कविता जाखड़ ने इस प्रतियोगिता की जीत पर सभी विजेताओं, अभिभावकों व शिक्षकों की भरपूर प्रशंसा की और सभी को बधाई दी एवं उन्हें इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।







डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

नंद किशौर चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)
हिसार, हांसी से वृंदावन-मथुरा
धार्मिक बस यात्रा
कोकीलावन, बरसाना, गौकुल, गौवर्धन, रमन रेती, निधिवन, प्रेममंदिर, आगरा
यात्रा आरम्भ 14 दिसंबर 2023
यात्रा वापसी 18 दिसंबर 2023
यात्रा शुल्क 1800 रु आना जाना दो रात रूकना
चलने का स्थान अग्रसैन भवन
सांय 10:00 बजे
ऑटो-रिक्शा व अन्य टिकट यात्री को स्वयं देना होगा
नोट : 5 साल से ज्यादा उम्र के बच्चे का पूरा किराया लगेगा।
अभी कॉल करें : 9467158925, 9017983609

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

**मार्कशीट गुम**

मैं, दिवा मलिक पुत्री श्री सुरेन्द्र सिंह, निवासी मकान नं. 345, राजदरबार स्पेश, सेक्टर-24, हिसार सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि सीबीएसई से रोल नं. 17167586 के तहत मार्च 2021 में उत्तीर्ण मेरी दसवीं पास मार्कशीट कहीं गुम हो गई है। किसी को मिले तो मो. नं. 97293-77250 पर संपर्क करें। अब मैं अपनी दसवीं उत्तीर्ण की मार्कशीट की डुप्लीकेट कॉपी जारी करवाना चाहती हूं।

**Name Change**

I, Parveen Kumar Chawla S/o Ram Kishan Chawla R/o House No. 383, Sector-13, Hisar declare that I have changed my name from Parveen/Parveen Chawla to PARVEEN KUMAR CHAWLA for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Pushpa Rani Chawla W/o Parveen Kumar Chawla R/o House No. 383, Sector-13, Hisar declare that I have changed my name from Pushpa/Pushpa Chawla to PUSHPA RANI CHAWLA for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Shakuntla W/o Naresh Kumar R/o H. No. 298, FF, Sector 9-11, Hisar declare that I have changed my name from Shakuntla to SHAKUNTLA VASHIST for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I Gayatri Devi D/o Chandu Lal R/o H. No. 740/17, Sir Chotu Ram Colony, Hisar declare that I known by two names Gayatri devi and Gayatri soni. Both names are the same person and my new Pan Number is IPDPD5642M. Now I should be known as GAYATRI DEVI for future purpose.

- Deponent



# बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के दिखाए मार्ग पर चल रही है मोदी एवं मनोहर सरकार : रतेरिया



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 6 दिसम्बर :** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य मे हांसी विधानसभा के बूथ नं 86 पर भारतीय जनता पार्टी, हांसी के बूथ के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। बूथ पालक एवं हांसी मंडल कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंगला के जानकारी देते हुए कहा कि इस अवसर पर भाजपा हिसार के जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने भारत रत्न बाबा साहब को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब न केवल भारत रत्न अपितु पूरे विश्व की एक अनमोल हस्ती थे। उनका जीवन पूरे विश्व के समाज के लिए और विशेष रूप से युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा देने का कार्य करता रहेगा। जब देश गुलामी की जंजीरों मे जकड़ा हुआ था और समाज मे छुआछात अपने चरम पर था तब बाबा साहब ने उन विपरीत परिस्थितियों मे अपनी प्रतिभा का लोहा पूरी दुनिया मे मनवाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से पूरे देश को एकता और अखण्डता के सूत्र में बांधने का काम किया। आज भारतीय जनता पार्टी उनके विचारों पर काम करते हुए समाज की अंतिम पंक्ति मे खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रही है। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा सरकार बाबा साहब के विचारों को जमीन पर उतारने और गरीबों के उत्थान के काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे बाबा साहब की जन्मभूमि महू समेत उनके शिक्षा क्षेत्र लंदन में डॉक्टर अंबेडकर मेमोरियल, उनकी चैत्य भूमि मुंबई और दिल्ली में नेशनल मेमोरियल की स्थापना कर उनसे जुड़े इन स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का महती कार्य किया गया है। आज प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में बिना किसी भेदभाव के अनुसूचित जाति, पिछड़े और वंचित वर्ग को आवास, आयुष्मान कार्ड, बीपीएल, सरकारी नौकरियों सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर आनंद वर्मा, प्रवेश दहिया, आकाश वर्मा, मोनी वर्मा, पवन दुग्गल, राकेश रुहिल, अशोक पुनिया, दीपक, साहिल यादव सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस कांग्रेस भवन में मनाया

## डॉ. आंबेडकर जी अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, साफ छवि के नेता व देश भक्त थे : बजरंग गर्ग



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का महापरिनिर्वाण दिवस कांग्रेस भवन में मनाया गया। जिसमें भारी संख्या में कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विशेष तौर पर हिसार लोकसभा के प्रभारी कातिलाल बाबरिया मौजूद थे इस मौके पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ। अंबेडकर जी अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और साफ छवि के राजनेता व देशभक्त थे जिनका भारतीय के संविधान के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान था और उनको संविधान के निर्माता भी कहा जाता है। भारत के संविधान बनाने में उनके प्रयासों को देश कभी भुला नहीं सकता। पूरे विश्व में सबसे बड़ा लिखित संविधान भारत देश का है। अंबेडकर जी उस समय के दुनिया में सबसे ज्यादा शिक्षित व्यक्तियों में नाम आता है उन्होंने अपने जीवन काल में 32 डिग्रियां हासिल की। उनके पास एमएससी, डीएससी और बैरिस्टर-एट-लॉ की डिग्री भी थी। अंबेडकर जी 64 विषयों में मास्टर थे और नौ भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने विश्व के सभी धर्म की जानकारी लेने के लिए उन्होंने लगभग 21 वर्षों तक दुनिया के सभी धर्मो का तुलनात्मक तरीके से अध्ययन किया था। बजरंग गर्ग ने कहा कि अंबेडकर जी आजाद देश के पहले कानून मंत्री थे जिन्होंने दलित व गरीबों को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया और दलितों को हमेशा ही प्राथमिकता दी। बाबा साहेब को बचपन से ही छुआछूत जैसी कुरीतियों का सामना करना पड़ा उसके बाद उन्होंने अपना पूरा जीवन ऊंच-नीच, भेदभाव और छुआछूत के उन्मूलन जैसे कार्यो के लिए समर्पित कर दिया। अंबेडकर जी की जयंती पर पूरा भारत देश सार्वजनिक अवकाश रखता है। जिनका भारत देश के विकास में तरक्की में भारी योगदान है। अंबेडकर जी के नाम पर देश में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अनेकों विश्वविद्यालय, सरकारी भवन, धर्मशालाएं, सरकारी, सामाजिक, धार्मिक व प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा अनेकों संस्थाओं का निर्माण किया गया है और उनकी याद में आगे भी किया जाएगा। इस अवसर पर हिसार लोकसभा प्रभारी क्रांति लाल बाबरिया, पूर्व मंत्री सुभाष गोयल,वरिष्ठ नेता धर्मवीर गोयत, पूर्व विधायक सूबे सिंह पूनिया,पूर्व चेयरमैन कर्ण सिंह रानोलिया, जिला अध्यक्ष ग्रामीण संतोष जून, महिला जिला अध्यक्ष शहरी स्नेहलता निंबल, उपाध्यक्ष ग्रामीण कमलेश स्योराण, ईश्वर सिंह मोर,सुरेश पंघाल, ऑब्जर्वर प्रवेश त्यागी, ऑब्जर्वर गुरकीमत सिंह सिद्धू, चंद्रभान काजला, सूबे सिंह पहलवान, अनूप सिंह सरसाना, डॉक्टर राजवीर सिंह मोर, अजय जाखड़, कृष्ण कुमार, पूर्व चेयरमैन सुखबीर डूडी, पुनीत मुकलान, एडवोकेट अनुज पात्रू, वरिष्ठ नेता वज़ीर सिंह पूनिया, पवन कुमार गहलोत, संदीप कुमार रानोलिया, सोनू लंकेश, राजेंद्र बालियान, सुरेश कुमार वाल्मिकी, किसान नेता बलराज मलिक, धर्मवीर सिंह, सत्यवान नंबरदार खोखा, डॉ. बढवा राम खोखा, बंसी लाल खोखा, नलवा हल्का महिला अध्यक्ष मनीषा दहिया, दिलावर सिंह, अशोक गोदारा महिला नेत्री किरण मलिक, विरेंद्र पात्रू, सुरेंद्र मलिक ,रामकुमार चिड़ोद, नवीन कुमार, जगदीश कुमार, रोहताश, डॉ. रविंद्र नागर आदि नेताओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

# जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने सरकारी विद्यालय में सेवार्थ भाव से पानी की टंकी व वाटर कूलर लगवाए



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** हर बच्चे को पढ़ाई के साथ-साथ समुचित सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर ने गांव सातरोड़ खुर्द के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो पानी की टंकी व दो वाटर कूलर स्थापित करवाए हैं। इस विद्यालय में पेयजल के लिए संसाधनों की आवश्यकता देखते हुए जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के तत्वावधान में अपने खर्चे पर एक कमरा बनवाया और उस पर अच्छी क्वालिटी की दो पानी की टंकी स्थापित करवाई। इसके साथ ही दो वाटर कूलर भी निशुल्क स्थापित करवाए गए। जैन महावीर चैरिटेबल स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने बताया कि सातरोड़ खुर्द की भांति शिव नगर में भी गवर्नमेंट हाई स्कूल में एक पानी की टंकी व एक वाटर कूलर बच्चों की सुविधा के लिए लगवाया गया है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बिमल प्रशाद जैन रचनात्मक सोच रखते हैं। उनका प्रयास है कि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा सुविधाओं से वंचित न रहे। इसी सोच के चलते बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला व मलिक चौक रेलवे फाटक के नजदीक जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर में जरूरतमंद विद्यार्थियों को अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा फ्री पढ़ाया जाता है। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर द्वारा विद्यालयों के कई सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। कई विद्यालयों में वाटर कूलर व टंकी के साथ-साथ लाइब्रेरी की स्थापना में भी सोसायटी का विशेष योगदान है।

# बरवाला में मनाया बाबा साहब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर हर युवा के लिए एक मिसाल : भूपेंद्र गंगवा



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** आज बरवाला में अग्रसेन चौक के पास इंटक कार्यालय में बाबा साहब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस मौके पर भूपेंद्र गंगवा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। आज की अध्यक्षता श्री रोहतास ग्रोवर इंटक के ब्लॉक के अध्यक्ष एवम स्टेट के उप प्रधान ने की। भूपेंद्र गंगवा ने अपने संबोधन में कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू के एक गांव में हुआ था। बाबा साहेब का बचपन आर्थिक और सामाजिक भेदभाव के बीच गुजरा। हालांकि विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए अंबेडकर ने अपनी शिक्षा को पूरा किया और काबिलियत व मेहनत के बल पर 32 डिग्री हासिल की। उन्हें डॉक्टरेट की डिग्री भी हासिल हुई। छुआछूत और सामाजिक भेदभाव का अंत करने के लिए उन्होंने दलित समाज के उत्थान का निर्णय लिया और इस दिशा में कार्य करना शुरू किया। बाद में बाबा साहेब संविधान सभा के अध्यक्ष बने। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर हर युवा के लिए एक मिसाल बन चुके हैं। उनके अनमोल विचार प्रेरणा बनकर जीवन संघर्ष के लिए सभी को प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर मुरारी लाल बंसल, रमेश गोयल, सुभाष जांगड़ा, ईश्वर मलिक, रामधन शर्मा, पंडित ज्ञानी राम, सत्यवान सरसोद, वीरभान, श्रीमती सुनीता देवी, वीना देवी, कमलेश देवी, पिंकी, सुमन, सुनीता, बिमला, सुशीला देवी, राजबाला, राम मेहर, अजीत सिंह, राजेश कुमार, ईश्वर सिंह, सुभाष चंद्र, मुकेश कुमार, जगपाल सिंह वाल्मीकि, टेकचंद, पवन मित्तल, विनोद सिंगला आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# विश्वास हॉस्पिटल ने गंगवा व राजली में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर आयुष्मान भारत योजना की दी जानकारी



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** सामाजिक सरोकारों से जुड़कर स्वास्थ्य व चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गांव गंगवा स्थित न्यू एकता नगर कॉलोनी व राजली में निशुल्क नेत्र जांच व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविरों में विश्वास अस्पताल के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने ग्रामीणों की निशुल्क जांच करके उचित परामर्श दिया। गंगवा शिविर में 80 एवं राजली शिविर में 130 लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। अस्पताल द्वारा यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इन शिविरों के दौरान प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध करवाई गई। विश्वास अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी प्रणय अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ है। इसलिए समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करके स्वास्थ्य की अलख जगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत विश्वास अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन व इलाज की समुचित व्यवस्था शुरू हो गई है। इसलिए कोई भी आयुष्मान कार्ड धारक विश्वास अस्पताल में इस योजना का लाभ ले सकता है। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. सज्जन सिंह के आदर्शों पर चलते हुए विश्वास अस्पताल में सामान्य रोग, कान, नाक व गला रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, स्किन रोग व मनोरोग सहित विभिन्न रोगों के इलाज की समुचित व्यवस्था है।

# 10 दिसम्बर को अयोध्या-काशी के लिए रवाना होगा श्रद्धालुओं का जत्था



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** सर्व धर्म समाज सेवा समिति की एक बैठक आज नागोरी गेट स्थित बिंदल धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोहर लाल बिंदल ने की। बैठक का आयोजन श्री राम जन्म भूमि अयोध्या व अन्य धार्मिक स्थलों की तीर्थ यात्रा की तैयारियों को लेकर किया गया।संस्था के सचिव डॉ. सीता राम सैनी ने बताया कि यह यात्रा 10 दिसम्बर से बस द्वारा मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, नेमि शरणम व चित्रकूट से वापिस 16 दिसम्बर को हिसार पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा भजन -संकीर्तन के साथ संपन्न कराई जाएगी। यात्रा का पूरा माहौल भक्तिमय होगा। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्राओं से धार्मिक उन्नति करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। तीर्थ यात्रा करने से ज्ञान, विनम्रता और विवेक बढ़ता है। संस्था का उद्देश्य बिना किसी जाति भेद के समाज मे आपसी भाईचारा उत्पन्न करना भी है, जो यात्राओं का आयोजन कर किया जाता है। इसअवसर पर बैठक में पंडित यशपाल गोसांई, डॉ. सीता राम सैनी, मनोहर लाल बिंदल, साहिल राखा, ओम प्रकाश सैनी, राम निवास सैनी, ओम प्रकाश भाभड़ा, ओम प्रकाश पप्पू, प्रकाश रायपुर आदि उपस्थित रहे।

# विकास श्योराण युवा इनेलो के जिलाध्यक्ष नियुक्त



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** इनेलो ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए हिसार में गांव राखी गढ़ी निवासी विकास श्योराण को युवा इनेलो की जिला हिसार की कमान सौंपी है। विकास श्योराण को युवा इनेलो जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं विकास श्योराण ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के प्रधान महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला, युवा इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कर्ण चौटाला, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता उमेद लोहान, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेश गोदारा, जिलाध्यक्ष सतबीर सिसाय व युवा इनेलो प्रदेशाध्यक्ष उदयवीर राणा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है वो उस पर खरा उतरते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य जिला में अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने का रहेगा। उन्होंने बताया कि युवा इनेलो के जिला कार्यकारिणी का भी जल्द ही विस्तार किया जाएगा। वहीं विकास श्योराण की नियुक्ति का युवा इनेलो कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है और इसके लिए उन्होंने पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया है।

# 10 दिसंबर को होगी विज्डम मैराथन -2023

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 6 दिसम्बर :** विज्डम स्कूल की ओर से 10 दिसंबर को प्रातः 7 बजे विज्डम मैराथन -2023 का आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन तीन वर्गो में होगी। विज्डम स्कूल के संस्थापक हरिपाल पिलानिया ने बताया कि इसमें 14 से 18 साल के बच्चों के लिए, जूनियर मैराथन व 18 से 50 साल के लिए सीनियर मैराथन व 50 से ऊपर आयु वर्ग के लिए मास्टर मैराथन होगी। मैराथन में भाग लेने के लिए विज्डम स्कूल में या स्कूल वेब साइट पर रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। फिट इंडिया मुहिम के तहत विज्डम मैराथन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन में मुख्य अतिथि एच. ए. यू.के कुलपति डॉ. बी.आर. कंबोज होंगे व मैराथन को हरी झंडी दिखा कर मैराथन आरंभ करेंगे। मैराथन के आयोजन में विज्डम स्कूल के साथ किसना गोल्ड व डायमंड, मिडटाउन ग्रैंड व इंस्पायर इंडिया का सहयोग रहेगा। मैराथन में जूनियर मैराथन 2.2 किलोमीटर एच. ए. यू. गेट से शुरू होकर राजगढ़ रोड होते हुए एच. ए. यू. गेट पर पूर्ण होगी। सीनियर मैराथन व मास्टर मैराथन 6 किलोमीटर की होगी जो एच. ए. यू. के गेट 4 से शुरू होकर गेट नं 1 से विश्वविद्यालय में प्रवेश कर क्लब टी प्वाइंट से एच. ए. यू. गेट 4 तक फिर वहीं से वापिस और गेट 1 के पास बाल भवन रोड पर समाप्त होगी। जूनियर, सीनियर व मास्टर वर्गो के महिला और पुरुष धावकों को मैडल व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।


## नाम परिवर्तन

मैं, अविनाश कुमार पुत्र श्री मुरारी लाल, निवासी 714 शास्त्री नगर, मुलतानी चौक, शिव फर्नीचर, हिसार, हरियाणा सूचित करता हूं कि मेरे लड़के के नाम हर्षित जांगड़ा है जो सैंट मेरी स्कूल, हिसार में कक्षा नौंवी का छात्र है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम अविनाश जांगड़ा (Avinash Jangra) दर्ज है। जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में नाम अविनाश कुमार (Avinash Kumar) दर्ज है। अब मैं अपने पुत्र हर्षित जांगड़ा के स्कूल रिकार्ड में मेरा यानि पिता का नाम अविनाश कुमार (Avinash Kumar) दर्ज करवाना चाहता हूं। मैं जल्द ही मेरे लड़के के जन्म प्रमाण में अपना नाम अविनाश कुमार (Avinash Kumar) दुरुस्त करवाकर उसकी कॉपी आपके स्कूल में जमा करवाने का पाबंद रहूंगा।


# ग्राम संरक्षक स्कीम के तहत समीक्षा बैठक 7 दिसंबर को

**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 6 दिसम्बर :** महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त व प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार की अध्यक्षता में 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में ग्राम संरक्षक स्कीम की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में ग्राम संरक्षक योजना में वर्णित सभी मापदंडों की प्रगति रिपोर्ट तैयार करके पोर्टल पर अपलोड करने और योजना के समग्र लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में समीक्षा की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को ग्राम संरक्षक योजना की समीक्षा हेतु नवीनतम रिपोर्ट के साथ उपस्थित रहने की हिदायत दी गई है।


प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी
98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।



**REQUIRED**
- GNM-4
- Computer Operator-1

Salary according experience
Contact
ARORA ORTHOPAEDIC HOSPITAL
Barwala Road, Hisar
Mob. : 9812040141



## बेदखली सूचना

मैं, पदम कुमार पुत्र स्व. श्री रामप्रताप, निवासी मकान नं. 1540, अर्बन एस्टेट-॥, हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र विवेक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार



## दयानन्द महाविद्यालय, हिसार

**सूचना**

दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में पुराना लोहा ( स्क्रैप ) को बेचा जाना है। इच्छुक ठेकेदार सामान को किसी भी कार्यदिवस पर आकर देख सकते हैं तथा अपने रेट (कोटेशन) सीलबंद लिफाफे में दिनांक 11.12.2023 (सोमवार) को दोपहर 1 बजे तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। अगर स्क्रैप का सही मूल्य नहीं मिलता है तो इस प्रक्रिया को रद्द भी किया जा सकता है। जिसका पूर्णतय अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

डॉ. विक्रमजीत सिंह
प्राचार्य

फोन नं. : 01662-270989, 233136



## शोक बैठक



स्व. जगजीत सिंह नांदवाल
(1944-2023)

आपको अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि श्री जगजीत सिंह नांदवाल पुत्र स्व. मास्टर मिश्रीलाल जी दिनांक 1 दिसंबर 2023 को जयपुर में अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु के चरणों में विलीन हो गए हैं। इस संदर्भ में स्थानीय शोक बैठकः दिनांक 8 दिसंबर 2023 को सुबह 11 बजे से सांय 4 बजे तक, निवासः 31, प्रीति नगर (प्रेम नगर) हिसार में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

नीरू नांदवाल (पत्नी)
रेणु, रेखा, रीना (पुत्रियां), सावित्री देवी (भाभी)
डी. एस. नांदवाल - पत्रकार (भाई)
डॉ. ए. एस. नांदवाल Retd. ADR CCS HAU (भाई)
बी. एस. नांदवाल (Master Machinery, Delhi) (भाई)
सावित्री, शांति, कृष्णा व स्नेहलता (बहनें)

मो. 98122-35662
98123-26237
93126-40920
99999-73637